सिद्धार्थ नाम सम्वत्सरः। ईदृगराश्यादि गतेऽर्के १०।२१।५८।४८ रौद्र नाम सम्वत्सरस्य प्रवेशः। वर्ष दिनसंख्या ३५५। मेषाऽर्के अयनांशाः ०।२२।५३।२४। दृश्यायनांशाः ०।२४।१३।२५ (ता.३० मार्च सन् २०२५ से १९ मार्च सन् २०२६) ईस्वी सन् २०२५-२०२६

विवाहे पञ्चशलाकचक्रम्



वधूप्रवेशने दाने
वरणे पाणिपीडने ।
वेधः पञ्चशलाकाख्यो
ऽन्यत्रसप्तशलाककः ॥

जगल्लग्नम्

१०।८।१७



जगल्लग्न का फल

मेष-लाभसुख	तु-पुत्रप्राप्ति
वृ-धनमानलाभ	वृ-मित्रसुख
मि-धर्मधनलाभ	ध-कुटुंबवृद्धि
क-मृत्युसमकष्ट	म-धनलाभ
सिं-स्त्रीसुख	कुं-देहसुख
कं-शत्रुपराजय	मी-दुःखदारिद्र्य

राजा-रवि फल

अग्निकाण्ड व चोरी की अधिकता, जनहानि, वर्षा-अन्न-फल कम हो।

राजा-रविः

ध्यान से देखकर खरीदें, बीच में लगा निशान ही "श्रीः चिह्न" का है।

गणेश आपा पञ्चाङ्ग का १५२ वाँ पुष्प समर्पित

काशी के प्रसिध्द श्री ६ पण्डित गणेश आपाजी का पंचाङ्ग

मन्त्री-रवि फल

धन व व्यापार की अधिकता, वर्षा अच्छी, राष्ट्रनायकों का क्रूर व्यवहार।

मंत्री-रविः

आर्द्राप्रवेशलग्नम्

२।२१।२७।४२

आर्द्रा प्रवेश का फल

(वर्षा एवं खेती का अनुमान)

ता.२२ जून का आर्द्रा प्रवेश चण्डा नाड़ी में है, स्वामी शनि है। १/२/३ चरण निर्जल व मात्र चतुर्थ चरण सजल है। ता.२२,३० जून व ता.२ से ५ जुलाई को वर्षा योग है। आर्द्रा प्रवेश भरणी नक्षत्र, कृष्णपक्ष व दिन में होने से वर्षा कम। द्वादशी तिथि, रविवार, सुकर्मा योग, कौलव करण से शुभ तो है पर पशुओं को कष्ट होगा।

विवाहादन्यत्र सप्तशलाकाचक्रम्

लग्नं हस्ती नृपश्चन्द्रः
सौम्यपापश्च भृत्यकाः ।
नृपे नष्टे कथं युद्धं
कथं हि फलमादिशेत्॥

गतकलिः ५१२६। बंगला सन् १४३१ मेषाऽर्कतः१४३२। हिजरी सन् १४४६-१४४७। फसली सन् १४३२-१४३३। ईस्वी सन् २०२५-२०२६। श्रीसम्वत् २०८२। श्रीशकः१९४७। वर्षविश्वा १२ (मध्यमफलकारकः)।

आर्द्रादि दशतारके वर्षायोगाः

ता.२२ जून से आर्द्रा में- ता.२२,३० जून व ता.२ से ५ जुलाई तक वर्षा।
ता.६ जुलाई से पुनर्वसु में - ता.९ व ता.१६ से ता.१९ जुलाई तक वर्षा।
ता.२० जुलाई से पुष्य में - तारीख २० से तारीख २९ जुलाई तक वर्षा।
ता.२ अगस्त से आश्लेषा में - तारीख ३ से ता.१२ अगस्त तक वर्षा।
ता.१६ अगस्त से मघा में- ता.२०,ता.२६ से ता.३० अग. तक वर्षा।
ता.३० अगस्त से पू.फा.में- तारीख ४ से तारीख १३ सितम्बर तक वर्षा।
ता.१३ सितं से उ.फा. में-ता.१४ से ता.१६ व ता.१९ से २६ सितं. वर्षा।
ता.२७ सितम्बर से हस्त में - तारीख २७ से ३० सितम्बर व ता.१ से ३ अक्टूबर व ता.८ से १० अक्टूबर तक वर्षा।
ता.१० अक्टूबर से चित्रा में- तारीख १७ से तारीख २३ अक्टू. तक वर्षा।
ता.२४ अक्टूबर से स्वाती में-ता.२४ से ता.३० अक्टूबर व ता.३ से तारीख ५ नवम्बर तक वर्षा योग है।

श्री सम्वत् २०८२ वर्षे समयशुद्धिः

गुरुः	ता.१३ जून २०२५ (आषा.कृ.२ शुक्रे) पश्चिमास्तः। ता.८ जुलाई २०२५ (आषा.शु.१३ भौमे) पूर्वोदयः।
शुक्रः	ता.१२ दिसम्बर २०२५ (पौ.कृ.८ शुक्रे) पूर्वास्तः। ता.३१ जनवरी २०२६ (माघ शु.१४ शनौ)पश्चिमोदयः।
राहुः	वर्षारम्भे मीने (ता.९ मई कुम्भे)।
केतुः	वर्षारम्भे कन्यायां (ता.९ मई सिंहे)।

भौमादि ग्रहाणाम्

वक्र-मार्ग-उदयास्तादि निर्णयः
(३० मार्च २०२५ से १९ मार्च २०२६)

भौमः:- वर्षारम्भे कर्के, ता.७ नवम्बर पश्चिमास्त, वर्षान्ते कुम्भे। **बुधः**:- वर्षारम्भे मीने, वक्री, अस्त। ता.५ अप्रैल पूर्वोदयः, ता.७ अप्रैल मार्गी, ता.१६ मई पूर्वास्तः, ता.८ जून पश्चिमोदयः, ता.१८ जुलाई वक्री, ता.१९ जुलाई पश्चिमास्तः, ता.९ अगस्त पूर्वोदयः, ता.१० अगस्त मार्गी, ता.३ सितम्बर पूर्वास्तः, ता.५ अक्टूबर पश्चिमोदयः, ता.९ नवम्बर वक्री, ता.१२ नवम्बर पश्चिमास्तः, ता.२६ नवम्बर पूर्वोदयः, ता.२९ नवम्बर मार्गी, ता.२ जनवरी २०२६ पूर्वास्तः ता.५ फरवरी पश्चिमोदयः, ता.२५ फरवरी वक्री, ता.१ मार्च पश्चिमास्तः,ता.१६ मार्च पूर्वोदयः★

श्रीभैरवान्तिकनिवासिगणेशपौत्र-श्रीबालकृष्णतनयस्तिथिपत्रमेतत् । सम्यग्विचार्यगणितादियथाप्रयत्नंप्रख्यापयत्यखिलसज्जनरञ्जनाय ॥

नेत्र वसु नख सम्मिते वैक्रमाब्दीये

*** श्रीकाशीस्थधर्मसभासदासम्मतम् ***

मुनि वेद ग्रह इन्दु सम्मिते शालिवाहन गते शाके

श्रीसम्वत् २०८२ *** श्रीराजराजेश्वरीनामकं ॥श्रीः॥ चिह्नम् *** **श्रीशकः १९४७**

श्रीपण्डिताग्रगण्य स्वर्गनिवासिश्रीवलदेवमिश्रस्यशिष्यः कै. श्री पं० गणेशआपाम्हसकर पौत्रेण श्री बालकृष्णशास्त्रि म्हसकर



इत्युपनामधेयेन प्रवर्तितं, तत्पुत्रेण नारायण बालकृष्ण शास्त्रि म्हसकरेण विनिर्मितं काश्यां ज्योतिष प्रकाश प्रेस नाम्नि यन्त्रालये मुद्रितं तथा "श्री राजराजेश्वरी पुस्तकालय, डी.३२ सूर्याग्रीन, बनारस क्लब रोड, कचहरी, वाराणस्यां" प्रकाशितञ्च ।

सिद्धार्थ नाम सम्वत्सरः

(EDITED AND PUBLISHED BY NARAYAN MHASKAR, Sub Editor- ADITYA MHASKAR)
PROP. SHRI RAJ RAJESHWARI PUSTAKALAYA, D32,Surya Green,Club Road, Kachahri, VARANASI-221002 (FOR 2025-2026)
पञ्चाङ्ग मिलने का पता-श्रीराजराजेश्वरी पुस्तकालय, डी-३२ सूर्याग्रीन, बनारस क्लब रोड, कचहरी, वाराणसी-२
प्रसिद्ध ज्योतिषी श्री पं० गणेश आपाजी का यही पञ्चाङ्ग है । मोबाइल (सोमवार से शनिवार :- समय दोपहर ११ से ४) 9935500172

भारत के वर्षप्रवेश लग्न के विचार से-वर्षप्रवेश सिंह लग्न में होने से पश्चिम में फल व धातु महंगे, उत्तर-पूर्वी राज्यों में वर्षा अधिक, सुख समृद्धि, मध्यप्रदेश में राज विद्रोह रहे। दक्षिण में बाढ़ का भय पर धान्य अच्छा होगा। पूर्वी राज्यों में उपज कम होगी। द्रव्येश बुध है, शेयर बाजार व इन्टरनेट से धनलाभ। पराक्रमेश शुक्र है अतःजल के क्षेत्र में साहसिक कदम उठाये जायेंगे। सुखेश मंगल है, चिकित्सा के नये खोज से जनता में सुख। कष्टेश शनि होने से लम्बी अवधि की बीमारियों में वृद्धि। मारकेश गुरु से कोर्ट कचहरी से जनता त्रस्त। भाग्येश मंगल होने से शस्त्र से लाभ व शत्रुओं पर विजय। कर्मेश शुक्र होने से कलाकारों के कार्य से सौन्दर्य प्रसाधनों के व्यापार में सफलता। आयेश बुध होने से व्यापार जगत व खेलकूद में सफलता। व्ययेश चन्द्रमा होने से औषधी निर्माण व दवाइयों के नवीनीकरण व क्रय में खर्च।

वृषाऽर्क प्रवेशलग्न के विचार से- मकर लग्न सजल है व स्वामी शनि है। तृतीय व चतुर्थ चरण सजल हैं। द्वितीय चरण निर्जल है। स्थिति अच्छे स्वरुप की है। भदई, कुंआरी, अगहनी फसलें ७०% से ८०% तक सुरक्षित होंगी।

मिथुनाऽर्क प्रवेश लग्न के विचार से-मिथुन लग्न है जो निर्जल है व स्वामी बुध है व स्वराशि व लग्न में उपस्थिति है। द्वितीय व तृतीय चरण भी निर्जल हैं। मात्र चतुर्थ चरण सजल है पर चतुर्थेश भी केन्द्र में होने से स्थिति मध्यम स्वरुप की है। भदई, कुंआरी, अगहनी फसलें ४५% से ५०% तक सुरक्षित होंगी।

वृश्चिकाऽर्क प्रवेश लग्न के विचार से- कुम्भ लग्न है जो सजल है, स्वामी शनि है। द्वितीय व तृतीय चरण निर्जल हैं। चतुर्थ चरण सजल है। स्थिति मध्यम स्वरुप की है। जेठी (चना, जौ, गेहूं, तिलहन) की फसल ५५% से ६०% तक होगी परन्तु संकट से पूरी तरह से सुरक्षित नहीं रहेंगी।

★ वर्षान्ते कुम्भे। **गुरुः**-वर्षारंभे वृषे, ता.१५ मई मिथुने, ता.१३ जून पश्चिमास्तः, ता.८ जूलाई पूर्वोदयः, ता.२१ अक्टूबर कर्के, ता.१२ नवम्बर वक्री, ता.४ दिसम्बर मिथुने, ता.११ मार्च २०२६ मार्गी, वर्षान्ते मिथुने। **शुक्रः**-वर्षारम्भे मीने-वक्री, ता.१२ अप्रैल मार्गी, ता.१२ दिसम्बर पूर्वास्तः, ता.३१ जनवरी २०२६ पश्चिमोदयः,वर्षान्ते मीने। **शनिः**- वर्षारम्भे कुम्भे-अस्तः, ता.१ अप्रैल मीने, ता.६ अप्रैल पूर्वोदयः, ता.१२ जुलाई वक्री, ता.२६ नवम्बर मार्गी, ता.१३ मार्च २०२६ पश्चिमास्तः,वर्षान्ते मीने। **राहुः**-वर्षारंभे मीने, ता.९ मई कुम्भे, वर्षान्ते कुम्भे। **केतुः**-वर्षारंभे कन्यायां, ता.९ मई सिंहे, वर्षान्ते सिंहे।

मूल्यः 85 रु

वर्षा-विचार सम्वत् २०८२

आर्द्रा (ता.२२ जून प्रातः ६/१८ पर)-स्त्री-पु.-चं.-चं. योग, चण्डानाड़ी, स्वामी शनि, मूषक वाहन, श्वान उपवाहन। आर्द्रा का केवल चतुर्थ चरण सजल है, शेष सभी चरण निर्जल हैं। अतः ता.२२,३० जून व ता.२ से ५जुलाई तक वर्षा होगी।

पुनर्वसु (ता.६ जुलाई प्रातः५/५४ पर)-स्त्री-नपु-चं.-सूर्य योग, चण्डानाड़ी, स्वामी शनि, अश्व वाहन, वाराह उपवाहन। पुनर्वसु का केवल चतुर्थ चरण सजल है, शेष सभी चरण निर्जल हैं। अतः ता.९ व ता.१६ से १९ जुलाई तक वर्षा होगी।

पुष्य (ता.२० जुलाई प्रातः ५/२८ पर)- स्त्री-पु.-चं.-चं. योग, चण्डानाड़ी, स्वामी शनि,मयूर वाहन, वाराह उपवाहन। पुष्य का केवल चतुर्थ चरण निर्जल है, शेष सभी चरण सजल हैं। अतः ता.२० से ता.२९ जुलाई तक वर्षा होगी।

आश्लेषा (ता.२ अगस्त देररात ४/२२ पर)-स्त्री-नपु-चं.-सू. योग, चण्डानाड़ी, स्वामी शनि, खर वाहन, घोटक उपवाहन। आश्लेषा का केवल चतुर्थ चरण निर्जल है, शेष सभी चरण सजल हैं। अतः ता.३ से ता.१२ अगस्त तक वर्षा होगी।

मघा (ता.१६ अगस्त देररात २/३ पर)-स्त्री-पु.-चं.-चं. योग, चण्डानाड़ी, स्वामी शनि, मण्डूक वाहन, घोटक उपवाहन। मघा का केवल चतुर्थ चरण सजल है, शेष सभी चरण निर्जल हैं। अतः २० अगस्त व ता.२६ से ता.३० अगस्त तक वर्षा होगी।

पूर्वाफाल्गुनी (ता.३० अगस्त रात १०/१ पर)-स्त्री-नपु-सू-सू योग, चण्डानाड़ी, स्वामी शनि, मूहिषी वाहन, मेष उपवाहन। पू.फा. का केवल प्रथम चरण निर्जल है, शेष सभी चरण सजल हैं। अतः ता.४ से १३ सितम्बर तक वर्षा होगी।

उत्तराफाल्गुनी (ता.१३ सितम्बर दिन ३/५४ पर)-स्त्री-पु.-सू-सू योग, वायुनाड़ी, स्वामी सूर्य, जम्बूक वाहन, मेष उपवाहन। उत्तराफाल्गुनी का द्वितीय निर्जल है, प्रथम, तृतीय व चतुर्थ चरण सजल हैं। अतः ता.१४ से १६ सितं. व ता.१९ से २६ सितं. तक वर्षा होगी।

हस्त (ता.२७ सितम्बर प्रातः ७/२४ पर)-स्त्री-नपु-सू.-सू. योग, चण्डानाड़ी, स्वामी शनि, मयूर वाहन, वृषभ उपवाहन। हस्त का तृतीय चरण निर्जल है शेष सभी चरण सजल हैं। अतः ता.२७ से ता.३० सितम्बर ता.१ से ता.३ व ता.८ से ता.१० अक्टूबर तक वर्षा होगी।

चित्रा (ता.१० अक्टूबर रात ८/२३ पर)-स्त्री-पु.-सू.-चं. योग, चण्डानाड़ी, स्वामी शनि, खर वाहन, श्वान उपवाहन। चित्रा का प्रथम व द्वितीय चरण निर्जल है। शेष चरण सजल हैं। अतः ता.१७ से २३ अक्टूबर तक वर्षा होगी।

स्वाती (ता.२४ अक्टूबर प्रातः ६/५३ पर)-स्त्री-नपु-सू.-सू. योग, चण्डानाड़ी, स्वामी शनि, मण्डूक वाहन, वाराह उपवाहन। स्वाती का तृतीय चरण निर्जल है, शेष सभी चरण सजल हैं। अतः ता.२४ से ३० अक्टूबर से व ३ से ५ नवम्बर तक वर्षा होगी।

श्रीसंवत् २०८२ में मेषादिराशि तथा लग्नवालों का संक्षिप्त फल

(ता.३० मार्च सन् २०२५ से ता.१९ मार्च सन् २०२६ तक)

मेषराशि तथा लग्नको (*चू चे चो ला ली लू ले लो अ*): **शनि विचार**- सम्वत्सरारम्भ में शनि कुम्भ में हैं, स्वर्णपाद का ११वाँ शनि लाभप्रद है। ता.१ अप्रैल को शनि मीन में जायेंगे व सम्वत्सर के अन्त तक उसी में रहेंगे, जिससे साढ़े साती का कष्ट प्रारम्भ हो जायेगा। शनि के कष्ट निवारणार्थ शनि का दान, जप, नीलम धारण, सुन्दरकाण्ड का पाठ एवं शनिवार को शनि भगवान को तेल चढ़ाना चाहिये। स्वर्णपाद का १२वाँ शनि विदेशयात्रा में अत्यधिक खर्च कराये। **राहु-केतु विचार**- सम्वत्सरारम्भ में राहु मीन में व केतु कन्या में हैं, १२वाँ राहु व छठा केतु रजतपाद से है, शरीर रोगग्रस्त रहेगा परन्तु केतु का पाद शुभ होने से परेशानियां कम होंगी। ता.९ मई को राहु कुम्भ में व केतु सिंह में जायेंगे व सम्वत्सर के अन्त तक उसी में रहेंगे। स्वर्णपाद का ११वाँ राहु व ५वाँ केतु परिवार को कष्ट दे पर आपको धनप्राप्ति भी कराये। **गुरु विचार**-संवत्सरारंभ में गुरु वृष में है। स्वर्णपाद का दूसरा गुरु विशेष धनलाभ कराये व आपको स्वस्थ रखे। ता.१५ मई को गुरु मिथुन में जायेंगे, लौहपाद का ३रा गुरु है, अपने हाथ व कंधो का विशेष ध्यान रखें। व्यापार में भी परीश्रम करना होगा। ता.२१ अक्टूबर को गुरु कर्क में जायेंगे। स्वर्णपाद का ४था गुरु है जो विशेष कष्टप्रद है, कष्ट निवारणार्थ गुरु का दान, जप, गुरुस्तोत्र का पाठ, मणि (पोखराज) धारण करना लाभप्रद है। जमीन-जायदाद के लेनदेन में व वाहन से कष्ट दे। ता.४ दिसम्बर को पुनः वक्री होकर गुरु मिथुन में जायेंगे व सम्वत्सर के अन्त तक उसी में रहेंगे। रजतपाद का ३रा गुरु है, अपने हाथ व कंधो का विशेष ध्यान रखें। **अप्रैल** में धन-संपत्ति में कर्मी, मानसम्मान में कमी, वाहन से कष्ट, गलत आर्थिक निर्णयों से कष्ट, पुराने निवेश अच्छा फल देंगे। **मई** में सिर या चेहरे में कष्ट, परिवार में आर्थिक कष्ट, वाहन से कष्ट, रोगभय व वाणी के दुरुपयोग से विशेष कष्ट, पुराने निवेश अच्छा फल देंगे। **जून** में परिवार में भय का वातावरण, व्यापार में आर्थिक लाभ, शेयरमार्केट में सट्टेबाजी से दूर रहें, वाणी के सदुपयोग से लाभ परन्तु यात्रा में भय, स्वास्थ्य में सुधार। **जुलाई** में व्यापार में आर्थिक लाभ परन्तु वाद-विवाद में अपमान, शेयरमार्केट में सट्टेबाजी से दूर रहें, जमीन-जायदाद से धनलाभ, मित्र व परिवार के सहयोग से धनप्राप्ति। **अगस्त** में जमीन के लेनदेन में कष्ट परन्तु धनलाभ, संतान को प्रतियोगिताओं में असफलता, जहां से सोचा न था वहां से धनप्राप्ति, यात्रा में सुख, माता का स्नेह प्राप्त होगा। **सितम्बर** में सन्तान को कष्ट पर शत्रुओं पर विजय, स्त्री को नाभी के आसपास कष्ट, संतान को शिक्षा के क्षेत्र में अनिश्चय की स्थिति, नया कर्ज लेने से बचें। **अक्टूबर** में चिन्ता में कमी, स्त्री को नाभी के आस्पास विशेष कष्ट, भाग्य साथ देगा परन्तु नया कर्ज न लें। **नवम्बर** में मुकदमें में धन का व्यय व अपमान, मान-सम्मानमें कर्मी, जहां से सोचा भी न था वहां से धन प्राप्ति। **दिसम्बर** में वाद-विवाद से पीड़ा, विदेश यात्रा में कष्ट परन्तु धनलाभ, जांघ में कष्ट, जहां से सोचा भी न था वहां से धन प्राप्ति। **जनवरी २०२६** में रुके हुये कार्य पूर्ण होंगे, विदेश यात्रा में विशेष कष्ट, सरकार के निर्णय आपके हित में, महत्वाकांक्षी योजनाओं से धनप्राप्ति, घुटने में कष्ट। **फरवरी** में कार्य पूरा होने के साथ अच्छा धनलाभ, सरकार के निर्णय आपके हित में, खाते-बही, दलाली के कार्यों में लाभ। **मार्च** में योजनाओं से धनलाभ, आँख व पैर में कष्ट, धातु के व्यापार में लाभ, खाते-बही, दलाली के कार्यों में लाभ, खर्चों में कमी।

वृषराशि तथा लग्नको (*ई ऊ ए ओ वा वी वू वे वो*): **शनि विचार**-सम्वत्सरारम्भ में शनि कुम्भ में हैं, रजतपाद का १०वाँ शनि नये सम्पर्क से लाभ कराये। ता.१ अप्रैल को शनि मीन में जायेंगे व सम्वत्सर के अन्त तक उसी में रहेंगे। लौहपाद का ११वाँ शनि धनप्राप्ति कराये। **राहु-केतु विचार**-सम्वत्सरारम्भ में राहु मीन में व केतु कन्या में रहेंगे। ११वाँ राहु व ५वां केतु लौहपाद से है, राहु नौकरी-व्यापार में उन्नति कराये परन्तु केतु परिवार में कलह कराये, लौहपाद होने से विशेषकष्टप्रद होता है। ता.९ मई को राहु कुम्भ में व केतु सिंह में जायेंगे व सम्वत्सर के अन्त तक उसी में रहेंगे। रजतपाद का १०वाँ राहु व ४था केतु वाद-विवाद बढ़ाये पर आपको आकस्मिक लाभ भी दिलाये। **गुरु विचार**-संवत्सरारंभ में गुरु वृष में है। ताम्रपाद का पहला गुरु मानसिक कष्ट व असफलता दे। ता.१५ मई को गुरु मिथुन में जायेंगे। ताम्रपाद का २रा गुरु विशेष धनलाभ कराये व आपको स्वस्थ रखे। ता.२१ अक्टूबर को गुरु कर्क में जायेंगे रजतपाद का ३रा गुरु है, अपने हाथ व कंधो का विशेष ध्यान रखें। ता.४ दिसम्बर को पुनः वक्री होकर गुरु मिथुन में जायेंगे व सम्वत्सर के अन्त तक उसी में रहेंगे स्वर्णपाद का २रा गुरु विशेष धनलाभ कराये व आपको स्वस्थ रखे। **अप्रैल** में योजनाओं से धनलाभ, आँख व पैर में कष्ट, यात्रा से धनप्राप्ति, मित्र से अच्छे संबंध, कला के माध्यम से धन का आगमन व बचत भी। **मई** में धन-संपत्ति में कर्मी, मानसम्मान में कमी, यात्रा से धनप्राप्ति, रोगभय, गलत आर्थिक निर्णय से कष्ट, कला के माध्यम से धन का आगमन व बचत भी। **जून** में सिर या चेहरे में कष्ट, परिवार में आर्थिक भय, वाहन से कष्ट, मान-सम्मान में कमी, व्यापार में लाभ, खर्चों में कमी। **जुलाई** में परिवार में भय पर व्यापार में आर्थिक लाभ, वाहन से कष्ट, यात्रा में भय, स्वास्थ्य में सुधार। **अगस्त** में व्यापार में आर्थिक लाभ पर वादविवाद में अपमान, शेयरमार्केट में सट्टेबाजी से दूर रहें, यात्रा में भय परन्तु व्यापार में लाभ, वाहन से सुख व शिक्षा के क्षेत्र में अनिश्चय की स्थिति, जलीय वस्तुओं से लाभ। **सितम्बर** में जमीन के लेनदेन में कष्ट व संतान को प्रतियोगिताओं में असफलता, जहां से सोचा न था वहां से धनप्राप्ति, वाहन से सुख व व्यापार में लाभ, पुत्र-प्राप्ति के योग। **अक्टूबर** में सन्तान को कष्ट, शत्रुओं पर विजय, जहां से सोचा न था वहां से धनप्राप्ति, नये स्थान पर कष्ट, जमीन-जायदाद से लाभ, प्रतियोगिताओं के अच्छे परिणाम। **नवम्बर** में चिन्ता में कमी, स्त्री को नाभी के आसपास कष्ट, मुकदमें में अशुभ समाचार, ध्यान दें-शत्रु आप पर नजर रखे हुये हैं। **दिसम्बर** में मुकदमें में धन का व्यय व अपमान, अपमानित होने का खतरा, स्त्री को रोग, धन आने के नए रास्ते खुलेंगे। **जनवरी २०२६** में वाद-विवाद से पीड़ा, विदेश यात्रा से बचें, जांघ में कष्ट, धन आने के नए रास्ते खुलेंगे, पिता का स्नेह प्राप्त हो। **फरवरी** में रुके हुये कार्य पूर्ण होंगे, विदेश यात्रा में कष्ट, जांघ में कष्ट, सरकार के निर्णय आपके हित में, नौकरी के स्थान पर वाद-विवाद। **मार्च** में कार्य पूरा होने के साथ अच्छा धनलाभ, सरकार के निर्णय आपके हित में, नौकरी में सुखद वातावरण, आपका पैसा बचत योजनाओं में लगेगा।

मिथुनराशि तथा लग्नको (*का की कू घ (ङ = ग) छ के को हा*): **शनि विचार**-सम्वत्सरारम्भ में शनि कुम्भ में हैं, लौहपाद का ९वां शनि अशुभफलों को नियन्त्रित रखेगा। ता.१ अप्रैल को शनि मीन में जायेंगे व सम्वत्सर के अन्त तक उसी में रहेंगे, स्वर्णपाद का १०वाँ शनि आपको अनैतिक विचार दे। **राहु-केतु विचार**-सम्वत्सरारम्भ में राहु मीन में व केतु कन्या में रहेंगे, १०वाँ राहु व ४था केतु ताम्रपाद से है। राहु अचानक धनलाभ कराये परन्तु केतु के कारण वाद-विवाद हो, पाद शुभ होने से कष्ट कम होंगे। ता.९ मई को राहु कुम्भ में व केतु सिंह में जायेंगे व सम्वत्सर के अन्त तक उसी में रहेंगे, लौहपाद का ९वाँ राहु व ३रा केतु है अतः कर्ज लेने से बचें। केतु पुरानी समस्याओं में थोड़ी राहत दे। **गुरु विचार**- संवत्सरारंभ में गुरु वृष में है जो मिथुन राशि के लिये विशेष कष्टप्रद है, कष्ट निवारणार्थ गुरु का दान, जप, गुरुस्तोत्र का पाठ, मणि (पोखराज) धारण करना लाभप्रद है। रजतपाद का १२वाँ गुरु घरेलू कष्ट व आँख व पैर के इलाज मे व्यर्थ के खर्च कराये। ता.१५ मई को गुरु मिथुन में जायेंगे, स्वर्णपाद का १ला गुरु मानसिक कष्ट व असफलता दे। ता.२१ अक्टूबर को गुरु कर्क में जायेंगे, लौहपाद का २रा गुरु विशेष धनलाभ कराये व आपको स्वस्थ रखे। ता.४ दिसम्बर को पुनः वक्री होकर गुरु मिथुन में जायेंगे व सम्वत्सर के अन्त तक उसी में रहेंगे। लौहपाद का १ला गुरु मानसिक कष्ट व असफलता दे। **अप्रैल** में कार्य पूरा होने के साथ अच्छा धनलाभ, परिवार को आर्थिक कष्ट, व्यापार में सुखद समय, कार्यक्षेत्र में दुःखद वातावरण। **मई** में योजनाओं से धनलाभ, आँख व पैर में कष्ट, परिवार को आर्थिक कष्ट, गलत आर्थिक निर्णय से कष्ट, मित्र से अच्छे संबंध, कार्यक्षेत्र में दुःखद वातावरण। **जून** में धन-संपत्ति में कमी व मानसम्मान को खतरा, यात्रा से धनप्राप्ति, वाणी के दुरुपयोग से गहरा संकट, महत्वाकांक्षी योजनाऐं सफल होंगी। **जुलाई** में सिर या चेहरे में कष्ट व परिवार में आर्थिक भय, यात्रा से धनप्राप्ति, वाणी के दुरुपयोग से गहरा संकट, जल संबंधी व्यापार में लाभ। **अगस्त** में परिवार में भय, व्यापार में आर्थिक लाभ, वाहन से कष्ट, वाणी के दुरुपयोग से गहरा संकट, छोटे भाई से सुखद संबंध, स्वास्थ्य में सुधार। **सितम्बर** में व्यापार में आर्थिक लाभ परन्तु वादविवाद में अपमान, शेयरमार्केट में सट्टेबाजी से दूर रहें, यात्रा में भय परन्तु व्यापार में लाभ। **अक्टूबर** में जमीन के लेनदेन में कष्ट, संतान को प्रतियोगिताओं में असफलता, शेयरमार्केट में सट्टेबाजी से दूर रहें, यात्रा में वाहन सुख, शिक्षा के क्षेत्र में धनोपार्जन। **नवम्बर** में सन्तान को कष्ट, शत्रुओं पर विजय, जहां से सोचा न था वहां से धनप्राप्ति, नये स्थान पर कष्ट, संतान को प्रतियोगिताओं में असफलता। **दिसम्बर** में चिन्ता में कमी, स्त्री को नाभी के आसपास विशेष कष्ट, कर्ज लेने से बचें, मुकदमें में बुरा समाचार। **जनवरी २०२६** में मुकदमें मे धन का व्यय व अपमान, मान-सम्मान में कर्मी, त्वचा रोग, धन आगमन के नए स्त्रोत मिलेंगे। **फरवरी** में वाद-विवाद से पीड़ा, विदेश यात्रा से विशेष बचें, अपमानित होने का खतरा, पिता से उपहार। **मार्च** में रुके हुये कार्य तो पूर्ण होंगे पर विदेश यात्रा में कष्ट, जांघ में कष्ट, नौकरी में वाद-विवाद।

कर्कराशि तथा लग्नको (*ही हू हे हो डा (ड=ण) डी डू डे डो*): **शनि विचार**-सम्वत्सरारम्भ में शनि कुम्भ में हैं, जिससे १ अप्रैल तक ढैय्या का प्रभाव रहेगा, ताम्रपाद का ८वाँ शनि शरीर को रोगग्रस्त करे परन्तु ताम्रपाद होने से कष्ट कुछ कम होंगे। शनि के कष्ट निवारणार्थ शनि का दान, जप, नीलम धारण, सुन्दरकाण्ड का पाठ एवं शनिवार को शनि भगवान को तेल चढ़ाना चाहिये। ता.१ अप्रैल को शनि मीन में जायेंगे व सम्वत्सर के अन्त तक उसी में रहेंगे। ताम्रपाद का ९वाँ शनि है, आलस्य एवं लापरवाही से बचें। **राहु-केतु विचार**-सम्वत्सरारम्भ में राहु मीन में व केतु कन्या में रहेंगे, ९वाँ राहु व ३रा केतु रजतपाद से है अतः कर्ज लेने से बचें। केतु पुरानी समस्याओं से मुक्त करे, रजतपाद शुभ होने से शुभ फल दे। ता.९ मई को राहु कुम्भ में व केतु सिंह में जायेंगे व सम्वतसर के अन्त तक उसी में रहेंगे। ताम्रपाद का ८वाँ राहु व २रा केतु है अतः स्वास्थ्य का ध्यान रखें व दुर्घटनाओं के प्रति सजग रहें। केतु इसमें आपको सहयोग देगा व पाद शुभ होने से समस्याएं नियन्त्रित रहेंगी। **गुरु विचार**-संवत्सरारंभ में गुरु वृष में है। लौहपाद का ११वां गुरु आपकी महत्वाकांक्षी योजनाओं को कष्टपूर्वक पूरा करे। ता.१५ मई को गुरु मिथुन में जायेंगे, रजतपाद का १२वां गुरु है जो विशेष कष्टप्रद है, आपको घरेलू कष्ट व आँख व पैर के इलाज में व्यर्थ के खर्च कराये। कष्ट निवारणार्थ गुरु का दान, जप, गुरुस्तोत्र का पाठ, मणि (पोखराज) धारण करना लाभप्रद है। ता.२१ अक्टूबर को गुरु कर्क में जायेंगे, ताम्रपाद का १ला गुरु मानसिक कष्ट व असफलता दे। ता.४ दिसम्बर को पुनः वक्री होकर गुरु मिथुन में जायेंगे व सम्वत्सर के अन्त तक उसी में रहेंगे। स्वर्णपाद का १२वां गुरु है जो विशेष कष्टप्रद है, घरेलू कष्ट विशेष दे व आँख व पैर के इलाज में व्यर्थ के खर्च कराये। **अप्रैल** में रुके हुये कार्य पूर्ण होंगे, विदेश यात्रा में कष्ट, वन या पर्वतीय क्षेत्र में जाने से शारीरिक कष्ट, त्वचा के रोग, वस्त्र इत्यादि उपहार में मिलेंगे। **मई** में कार्य पूरा होने के साथ अच्छा धनलाभ, वन या पर्वतीय क्षेत्र में जाने से शारीरिक कष्ट, नौकरी व व्यापार में सुखद समय, वस्त्र इत्यादि उपहार में मिलेंगे। **जून** में योजनाओं से धनलाभ, आँख व पैर में कष्ट, परिवार को आर्थिक कष्ट, व्यर्थ के खर्चों से कष्ट, मानसम्मान में कमी, कार्यस्थल व सरकार के निर्णय से कष्ट। **जुलाई** में धन-संपत्ति में कमी व मानसम्मान को कष्ट, परिवार को आर्थिक कष्ट परन्तु आपकी स्वयं की इच्छायें पूर्ण होंगी। **अगस्त** में सिर या चेहरे में कष्ट व परिवार में आर्थिक भय, यात्रा से धनप्राप्ति, शरीर रोगग्रस्त, जल संबंधी व्यापार से लाभ, कर्ज में कमी। **सितम्बर** में परिवार में भय परन्तु व्यापार में आर्थिक लाभ, वाहन से कष्ट, रोगभय, छोटे भाई से संबंध खराब होंगे। **अक्टूबर** में व्यापार में आर्थिक लाभ पर वादविवाद में अपमान, वाहन से कष्ट, वाणी के उत्तम उपयोग से लोग प्रभावित व धन लाभ, कॉसमेटिक व्यापार में लाभ, भाई से अच्छे संबंध। **नवम्बर** में जमीन के लेनदेन में कष्ट, शेयरमार्केट में सट्टेबाजी से दूर रहें, सन्तान की शिक्षा के क्षेत्र में असफलता व अनिश्चय की स्थिति परन्तु आपको शिक्षा के क्षेत्र से धनलाभ। **दिसम्बर** में सन्तान को कष्ट, शत्रुओं पर विजय, जहां से सोचा न था वहां से धनप्राप्ति, शिक्षा के क्षेत्र में असफलता व अनिश्चय की स्थिति, कर्ज से चिन्ता व रोग। **जनवरी २०२६** में चिन्ता में कमी, स्त्री को नाभी के आसपास कष्ट, पार्टनर को कष्ट, नये स्थान पर कष्टप्रद समय, कर्ज न लें। **फरवरी** में मुकदमें में धन का व्यय व अपमान, स्त्री को नाभी के आसपास कष्ट, भाग्य आपका साथ देगा, लोग आपकी ओर आकर्षित होंगे, धनप्राप्ति के नए योग। **मार्च** में वाद-विवाद से पीड़ा, विदेश यात्रा से बचें, अपमानित होने का खतरा, भाग्य आपका साथ देगा, लोग आपकी ओर आकर्षित होंगे, धनप्राप्ति व उपहार के योग।

सिंहराशि तथा लग्नको (*मा मी मू मे मो टा टी टू टे*): **शनि विचार**-सम्वत्सरारम्भ में शनि कुम्भ में हैं, रजतपाद का ७वाँ शनि आर्थिक कष्ट दे। ता.१ अप्रैल को शनि मीन में जायेंगे व सम्वत्सर के अन्त तक उसी में रहेंगे, जिससे ढैय्या का प्रभाव रहेगा। शनि के कष्ट निवारणार्थ शनि का दान, जप, नीलम धारण, सुन्दरकाण्ड का पाठ एवं शनिवार को शनि भगवान को तेल चढ़ाना चाहिये। रजतपाद का ८वाँ शनि शोध कार्य में आपकी मदद करे। **राहु-केतु विचार**-सम्वत्सरारम्भ में राहु मीन में व केतु कन्या में रहेंगे, ८वाँ राहु व २रा केतु स्वर्णपाद से है अतः स्वास्थ्य का ध्यान रखें व दुर्घटनाओं के प्रति सजग रहें। केतु इसमें आपको सहयोग देगा परन्तु पाद अशुभ होने से सावधान रहना अच्छा रहेगा। ता.९ मई को राहु कुम्भ में व केतु सिंह में जायेंगे व सम्वत्सर के अन्त तक उसी में रहेंगे। रजतपाद का ७वाँ राहु व १ला केतु है यह केतु विशेष कष्टप्रद है जो दाम्पत्य जीवन में कष्ट देगा, शान्ति हेतु केतु का दान, जप, मणि (लाजावर्त) धारण करें। **गुरु विचार**-संवत्सरारंभ में गुरु वृष में है। ताम्रपाद का १०वां गुरु है, नौकरी व व्यापार में स्थिति असंतोषजनक रहेगी। ता.१५ मई को गुरु मिथुन में जायेंगे। लौहपाद का ११वां गुरु आपकी महत्वाकांक्षी योजनाओं को कष्टपूर्वक पूरा करे। ता.२१ अक्टूबर को गुरु कर्क में जायेंगे, रजतपाद का १२वां गुरु है जो विशेष कष्टप्रद है, आपको घरेलू कष्ट व आँख व पैर के इलाज मे व्यर्थ के खर्च कराये। कष्ट निवारणार्थ गुरु का दान, जप, गुरुस्तोत्र का पाठ, मणि (पोखराज) धारण करना लाभप्रद है। ता.४ दिसम्बर को पुनः वक्री होकर गुरु मिथुन में जायेंगे व सम्वत्सर के अन्त तक उसी में रहेंगे, ताम्रपाद का ११वां गुरु आपकी महत्वाकांक्षी योजनाओं को पूरा करे। **अप्रैल** में वाद-विवाद से पीड़ा, विदेश यात्रा से बचें, धातु के व्यापार में नुकसान, विचित्र एवं नए स्त्रोतों से धन आयेगा। **मई** में रुके हुये कार्य तो पूर्ण होंगे परन्तु विदेश यात्रा में कष्ट, धातु के व्यापार में नुकसान, व्यापार में सुखद समय परन्तु त्वचा के रोग, नए स्त्रोतों से धन आयेगा। **जून** में कार्य पूरा होने के साथ अच्छा धनलाभ, वन या पर्वतीय क्षेत्र में जाने से शारीरिक कष्ट, वाणी के उत्तम उपयोग से लोग प्रभावित होंगे परन्तु व्यर्थ के खर्चे भी होंगे, भाग्य अच्छा साथ देगा। **जुलाई** में योजनाओं से धनलाभ, आँख व पैर में कष्ट, वन या पर्वतीय क्षेत्र में जाने से शारीरिक कष्ट, गलत आर्थिक निर्णय से कष्ट, कॉसमेटिक व्यापार में नुकसान। **अगस्त** में धन-संपत्ति में कमी व मानसम्मान को कष्ट, परिवार को आर्थिक कष्ट, कला के उत्तम प्रस्तुति से लोग प्रभावित। **सितम्बर** में सिर या चेहरे में कष्ट व परिवार में आर्थिक भय, यात्रा से धनप्राप्ति, मान-सम्मान को खतरा। **अक्टूबर** में परिवार में भय, व्यापार में आर्थिक लाभ, यात्रा में भय पर अच्छा लाभ, कला प्रदर्शन से प्रसिद्धी, परिवार के सहयोग से धनलाभ। **नवम्बर** में व्यापार में आर्थिक लाभ पर वादविवाद में अपमान, वाहन से कष्ट, माता से सुख, समाज में सम्मान, छोटे भाई से अच्छे संबंध। **दिसम्बर** में जमीन के लेनदेन में कष्ट परन्तु धनलाभ, संतान को प्रतियोगिताओं में असफलता, शेयरमार्केट में सट्टेबाजी से दूर रहें, वाहन से सुख। **जनवरी २०२६** में संन्तान को कष्ट, शत्रुओं पर विजय, जहां से सोचा न था वहां से धनप्राप्ति, नया कर्ज न लें, सन्तान को विद्या के क्षेत्र में कठिन समय। **फरवरी** में चिन्ता में कमी, स्त्री को नाभी के आसपास कष्ट, जहां से सोचा न था वहां से धनप्राप्ति, मुकदमें में अशुभ समाचार। **मार्च** में मुकदमें में धन का व्यय व अपमान, स्त्री को नाभी के आसपास कष्ट, नए एवं विचित्र स्त्रोत से धनलाभ।

कन्याराशि तथा लग्नको (*टो पा पी पू ष (ण = ड) ठ पे पो*): **शनि विचार**-सम्वत्सरारम्भ में शनि कुम्भ में हैं, स्वर्णपाद का ६ठा शनि उद्योग में वृद्धि कराये। ता.१ अप्रैल को शनि मीन में जायेंगे व सम्वत्सर के अन्त तक उसी में रहेंगे। लौहपाद का ७वाँ शनि स्त्री को रोग दें। **राहु-केतु विचार**-सम्वत्सरारम्भ में राहु मीन में व केतु कन्या में रहेंगे, यह केतु विशेष कष्टप्रद है, ७वाँ राहु व १ला केतु लौहपाद से है जो विशेष कष्टप्रद है। शान्ति हेतु केतु का दान, जप, मणि (लाजावर्त) धारण करें। दाम्पत्य जीवन में कष्ट। ता.९ मई को राहु कुम्भ में व केतु सिंह में जायेंगे व सम्वत्सर के अन्त तक उसी में रहेंगे, स्वर्णपाद का छठा राहु व १२वाँ केतु है, सामान्य रुप से समय सुखप्रद एवं संतोषजनक रहेगा, किसी ना किसी कारण से यात्रा होगी, स्वर्णपाद होने से रोगादि से कष्ट। **गुरु विचार**-संवत्सरारंभ में गुरु वृष में है। स्वर्णपाद का ९वाँ गुरु धनलाभ कराये व विदेश में यात्रा के अवसर दे। ता.१५ मई को गुरु मिथुन में जायेंगे, ताम्रपाद का १०वां गुरु नौकरी व व्यापार में स्थिति असंतोषजनक बनाये। ता.२१ अक्टूबर को गुरु कर्क में जायेंगे, स्वर्णपाद का ११वां गुरु आपकी महत्वाकांक्षी योजनाओं को पूरा करे। ता.४ दिसम्बर को पुनः वक्री होकर गुरु मिथुन में जायेंगे व सम्वत्सर के अन्त तक उसी में रहेंगे, रजतपाद का

विषय सूची	पृष्ठ संख्या
लुप्त सम्वत्सर ज्ञान	2
वर्तमान सम्वत्सर फल प्रयागराज कुम्भ विवरण	2
वर्षा विचार, राशिफल	3-4
लग्न सारिणी से इष्ट काल का लग्न निकालने की विधि ग्रहण विवरण, सोना-चांदी तेजी-मन्दी, गुरु, शनि, राहु-केतु की ग्रह स्थिति, गुरुपुष्य व रविपुष्य योग,	5
कुण्डली निर्माण मे सहयोगी गणना सूत्र	5
सर्वार्थसिद्धि, रवियोग इत्यादि अनेक महत्वपूर्ण योग	6
विवाह मुहूर्त	7
उपनयन, वधुप्रवेश इत्यादि अनेक उपयोगी मुहूर्त	8
चरसारिणी	9
अक्षांश-देशान्तर सारिणी	10
गणनागुणैक्य चक्र, शिशु जन्म के समय पाद विचार	12
होड़ाचक्र, मंगली दोष व परिहार	13
लग्न सारिणी	14
प्रत्येक राशि के लिये शुभ व अशुभ दिन	15
मूल नक्षत्रों के शुभ-अशुभ फल, विवाह मंडप निर्माण में पंचक विचार, सभी संक्रान्तियों का फल,	16
गोचर ग्रह (शोभन, पूज्य व निन्द्य)	42
अग्निवास (वह्निवास) चक्र शिववास चक्र	43
भद्रावास चक्र	44
व्रत-पर्व की सूची	46

४ १०वां गुरु नौकरी व व्यापार में स्थिति असंतोषजनक बनाये। **अप्रैल** में मुकदमें मे धननाश व अपमान, धातु के व्यापार में लाभ, स्त्री को त्वचा रोग, दाम्पत्य जीवन में संघर्ष। **मई** में वाद-विवाद से पीड़ा, विदेश यात्रा से बचें, धातु के व्यापार में लाभ, त्वचा के रोग परन्तु विचित्र स्थानों से धनलाभ, दाम्पत्य जीवन में संघर्ष। **जून** में रुके हुये कार्य पूर्ण होंगे, विदेश यात्रा में कष्ट, धातु के व्यापार में नुकसान, मित्र से सुख, काम की जगह पर सुखद वातावरण, नए स्रोत से धन आयेगा। **जुलाई** में कार्य पूरा होने के साथ अच्छा धनलाभ, धातु के व्यापार में नुकसान, व्यापार में सुखद समय, उपहार मिलने की संभावना। **अगस्त** में योजनाओं से धनलाभ, आँख व पैर में कष्ट, वन या पर्वतीय क्षेत्र में जाने से शारीरिक कष्ट, व्यापार में सुखद समय परन्तु सावधानी से कार्य करें अथवा कलह संभव है। **सितम्बर** में धन-संपत्ति में कमी व मानसम्मान को कष्ट, परिवार को आर्थिक कष्ट, योजनाओं में सफलता, पुराने निवेश के अच्छे परिणाम। **अक्टूबर** में सिर या चेहरे में कष्ट, परिवार में आर्थिक भय, पैतृक सम्पत्ति प्राप्त करने में परिजनों से विवाद, स्वास्थ्य में सुधार, कर्ज में कमीं। **नवम्बर** में परिवार में भय, व्यापार में आर्थिक लाभ, यात्रा से धनप्राप्ति, बुद्धि के उपयोग से धनोपार्जन। **दिसम्बर** में व्यापार में आर्थिक लाभ पर वादविवाद में अपमान, वाहन से कष्ट, यात्रा में कष्ट परन्तु धनलाभ, छोटे भाई से सुख। **जनवरी २०२६** में जमीन के लेनदेन में कष्ट, संतान को प्रतियोगिताओं में असफलता, शेयरमार्केट में सट्टेबाजी से दूर रहें, वाहन-मकान व जमीन-जायदाद का सुख व लाभ। **फरवरी** में सन्तान को कष्ट, शत्रुओं पर विजय, शेयरमार्केट में सट्टेबाजी से दूर रहें, नए स्थान पर कष्ट, कर्ज न लें। **मार्च** में चिन्ता से मुक्ति, जहां से सोचा न था वहां से धनप्राप्ति, नए स्थान पर कष्ट, मुकदमें में बुरा समाचार।

तुलाराशि तथा लग्नको (*रा री रू रे रो ता ती तू ते*): **शनि विचार**-सम्वत्सरारम्भ में शनि कुम्भ में हैं, लौहपाद का ५वाँ शनि पारिवारिक सुख दे। ता.१ अप्रैल को शनि मीन में जायेंगे व सम्वत्सर के अन्त तक उसी में रहेंगे। ताम्रपाद का छठा शनि कर्ज में राहत दिलाये। **राहु-केतु विचार**-सम्वत्सरारम्भ में राहु मीन में व केतु कन्या में रहेंगे, छठा राहु व १२वां केतु स्वर्णपाद से है, सामान्य रूप से समय सुखप्रद एवं संतोषजनक है, किसी ना किसी कारण से यात्रा होगी, स्वर्णपाद होने से रोगादि से कष्ट। ता.९ मई को राहु कुम्भ में व केतु सिंह में जायेंगे व सम्वत्सर के अन्त तक उसी में रहेंगे, लौहपाद का ५वाँ राहु व ११वाँ केतु व्यापार में विस्तार कराये, वाहन-सुख दे परन्तु संतान-सुख में कमी। **गुरु विचार**- संवत्सरारंभ में गुरु वृष में है। जो तुला राशि के लिये विशेष कष्टप्रद हैं, कष्ट निवारणार्थ गुरु का दान, जप, गुरुस्तोत्र का पाठ, मणि (पोखराज) धारण करना लाभप्रद है। रजतपाद का ८वाँ गुरु आपको अपमानित कराये व बचत में कमी लाये। ता.१५ मई को गुरु मिथुन में जायेंगे, रजतपाद का ९वां गुरु धनलाभ कराये व विदेश में यात्रा के अवसर दे। ता.२१ अक्टूबर को गुरु कर्क में जायेंगे, लौहपाद का १०वां गुरु नौकरी व व्यापार में स्थिति असंतोषजनक करे। ता.४ दिसम्बर को पुनः वक्री होकर गुरु मिथुन में जायेंगे व सम्वत्सर के अन्त तक उसी में रहेंगे। लौहपाद का ९वां गुरु धनलाभ कराये व विदेश में यात्रा के अवसर दे। **अप्रैल** में चिन्ता में कमी, स्त्री को नाभी के आसपास कष्ट, सरकार के निर्णय आपके हित में, नये स्थान पर कष्ट, भोगविलास से नए शत्रु। **मई** में मुकदमें में धननाश व अपमान, सरकार के निर्णय आपके हित में, जहां से सोचा भी न था वहां से धनप्राप्ति, स्त्री को कष्ट, भोगविलास से नए शत्रु। **जून** में वाद-विवाद से पीड़ा व विदेश यात्रा से कष्ट, धातु के व्यापार में लाभ, शरीर रोगग्रस्त, सत्ता के निर्णय आपके पक्ष में, स्त्री को नाभि के आसपास रोग। **जुलाई** में रुके हुये कार्य तो पूर्ण होंगे परन्तु विदेश यात्रा में कष्ट, धातु के व्यापार में लाभ, व्यापार में सुखद समय, निवेश का अच्छा आर्थिक फल मिलेगा। **अगस्त** में कार्य पूरा होने के साथ अच्छा धनलाभ, धातु के व्यापार में नुकसान, व्यापार में सुखद समय, उपहार मिलेंगे पर कार्यस्थल में वाद-विवाद। **सितम्बर** में योजनाओं से धनलाभ, आँख व पैर में कष्ट, वन या पर्वतीय क्षेत्र में जाने से शारीरिक कष्ट, आपकी वाणी से कार्यक्षेत्र में आपका सम्मान होगा व लोग आपसे खुश होंगे। **अक्टूबर** में धन-संपत्ति में कमी व मानसम्मान को कष्ट, वन या पर्वतीय क्षेत्र में जाने से शारीरिक कष्ट, शरीर को रोगमय, जलीय व्यापार से लाभ, मित्र का व्यापार में सहयोग। **नवम्बर** में सिर या चेहरे में कष्ट व परिवार में आर्थिक भय, भाई से संबंध खराब, वाणी के दुरुपयोग से विशेष कष्ट, स्वास्थ्य में सुधार। **दिसम्बर** में परिवार में भय पर व्यापार में आर्थिक लाभ, यात्रा से धनप्राप्ति, वाणी के दुरुपयोग से विशेष कष्ट, पारिवारिक कार्यों में सफलता, यात्रा से सुख। **जनवरी २०२६** में व्यापार में आर्थिक लाभ परन्तु वादविवाद में अपमान, वाहन से कष्ट, जमीन-जायदाद के लेनदेन से लाभ, यात्रा में भय। **फरवरी** में जमीन के लेनदेन में कष्ट, संतान को प्रतियोगिताओं में असफलता, वाहन से कष्ट, माता से सुख। **मार्च** में चिन्ता में कमी, स्त्री को नाभी के आसपास कष्ट, शेयरमार्केट में सट्टेबाजी से दूर रहें, संतान को प्रतियोगिताओं में असफलता, ध्यान रहे शत्रुओं की नजर आप पर है।

वृश्चिकराशि तथा लग्नको (*तो ना नी नू ने नो या यी यू*): **शनि विचार**-सम्वत्सरारम्भ में शनि कुम्भ में हैं, जिससे १ अप्रैल तक ढ़ैय्या का प्रभाव रहेगा। स्वर्णपाद का ४था शनि कुछ शत्रुवृद्धि कराये। शनि के कष्ट निवारणार्थ शनि का दान, जप, नीलम धारण, सुन्दरकाण्ड का पाठ एवं शनिवार को शनि भगवान को तेल चढ़ाना चाहिये। ता.१ अप्रैल को शनि मीन में जायेंगे व सम्वत्सर के अन्त तक उसी में रहेंगे। स्वर्णपाद का ५वाँ शनि सन्तान को कष्टप्रद। **राहु-केतु विचार**-सम्वत्सरारम्भ में राहु मीन में व केतु कन्या में रहेंगे, ५वां राहु व ११वां केतु ताम्रपाद से है अतः व्यापार का विस्तार, वाहन-सुख मिलेगा परन्तु संतान-सुख में कमी, ताम्रपाद शुभ है अतः यह कष्टों को कम करेगा। ता.९ मई को राहु कुम्भ में व केतु सिंह में जायेंगे व सम्वत्सर के अन्त तक उसी में रहेंगे, स्वर्णपाद का ४था राहु व १०वाँ केतु होने से समय कष्टप्रद है, कार्य में आलस्य व अपनों से दूरी होगी। भगवत् आराधना से कुछ राहत मिलेगी। **गुरु विचार**-संवत्सरारंभ में गुरु वृष में है। लौहपाद का ७वाँ गुरु पार्टनर के सहयोग से धनवृद्धि कराये पर स्त्री को नाभी के आसपास पीड़ा दे। ता.१५ मई को गुरु मिथुन में जायेंगे, स्वर्णपाद का ८वां गुरु है जो विशेष कष्टप्रद है, आपको अपमानित कराये व बचत में कमी लाये। कष्ट निवारणार्थ गुरु का दान, जप, गुरुस्तोत्र का पाठ, मणि (पोखराज) धारण करना लाभप्रद है। ता.२१ अक्टूबर को गुरु कर्क में जायेंगे। स्वर्णपाद का ९वां गुरु धनलाभ कराये व विदेश में यात्रा के अवसर दे। ता.४ दिसम्बर को पुनः वक्री होकर गुरु मिथुन में जायेंगे व सम्वत्सर के अन्त तक उसी में रहेंगे, ताम्रपाद का ८वां गुरु है, जो विशेष कष्टप्रद है, आपको मान-सम्मान में व बचत में कमी लाये। **अप्रैल** में सन्तान को कष्ट, शत्रुओं पर विजय, जांघ में कष्ट, संतान के विद्या के क्षेत्र में अनिश्चय की स्थिति, सन्तान प्राप्ति के योग। **मई** में चिन्ता में कमी, स्त्री को नाभी के आसपास कष्ट, जांघ में कष्ट, भरोसेमंद लोगों से विश्वासघात, त्वचा संबंधी रोग, सन्तान प्राप्ति के योग। **जून** में मुकदमें में धननाश व अपमान, सरकार के निर्णय आपके हित में, विदेशयात्रा में कष्ट परन्तु जहां से सोचा भी न था वहाँ से धनलाभ, नौकरी के स्थान पर नए शत्रु उत्पन्न। **जुलाई** में वाद-विवाद से पीड़ा, विदेश यात्रा से बचें, सरकार के निर्णय आपके हित में, त्वचा के रोग, स्त्री से सामंजस्य में कमी। **अगस्त** में रुके हुये कार्य तो पूर्ण होंगे परन्तु विदेश यात्रा में कष्ट, धातु के व्यापार में लाभ, त्वचा के रोग, अनेक स्रोतों से धनप्राप्ति होगी। **सितम्बर** में कार्य पूरा होने के साथ अच्छा धनलाभ, धातु के व्यापार में नुकसान, अनेक स्रोतों से धनप्राप्ति होगी। **अक्टूबर** में योजनाओं से धनलाभ, आँख व पैर में कष्ट, धातु के व्यापार में नुकसान, व्यर्थ के खर्चे। **नवम्बर** में धन-संपत्ति में कमी व मानसम्मान को कष्ट, वन या पर्वतीय क्षेत्र में जाने से शारीरिक कष्ट, खाते-बही, दलाली के कार्यों में लाभ, योजनाओं से धनलाभ। **दिसम्बर** में सिर या चेहरे में कष्ट व परिवार में आर्थिक भय, मानसम्मान को कष्ट, व्यापार में अच्छा लाभ, लेखनकार्य से यश प्राप्ति, वाहन से सुख, स्वास्थ्य में सुधार। **जनवरी** २०२६ में परिवार में भय परन्तु व्यापार में आर्थिक लाभ, यात्रा से सुख व धनप्राप्ति, लिये गये गलत निर्णयों व वाणी से वाद विवाद उत्पन्न हों। **फरवरी** में व्यापार में आर्थिक लाभ परन्तु वादविवाद में अपमान, यात्रा से धनप्राप्ति, माता से सुख व धनलाभ, भाग्योन्नति, जमीन-जायदाद से धनलाभ। **मार्च** में जमीन के लेनदेन में कष्ट, संतान को प्रतियोगिताओं में असफलता, वाहन से कष्ट, माता से सुख व धनलाभ, संतान प्राप्ति से सुखद वातावरण।

धनुराशि तथा लग्नको (*ये यो भा भी भू धा फा ढा भे*): **शनि विचार**-सम्वत्सरारम्भ में शनि कुम्भ में हैं, ताम्रपाद का ३रा शनि विद्यार्थियों के लिये सफलता लाये। ता.१ अप्रैल को शनि मीन में जायेंगे व सम्वत्सर के अन्त तक उसी में रहेंगे, जिससे ढ़ैय्या का प्रभाव रहेगा। शनि के कष्ट निवारणार्थ शनि का दान, जप, नीलम धारण, सुन्दरकाण्ड का पाठ एवं शनिवार को शनि भगवान को तेल चढ़ाना चाहिये। **राहु-केतु विचार**-सम्वत्सरारम्भ में राहु मीन में व केतु कन्या में रहेंगे, ४था राहु व १०वां केतु रजतपाद से है, कष्टप्रद समय है, कार्य में आलस्य व अपनों से दूरी होगी। भगवत् आराधना से कुछ राहत मिलेगी। ता.९ मई को राहु कुम्भ में व केतु सिंह में जायेंगे व सम्वत्सर के अन्त तक उसी में रहेंगे, ताम्रपाद का ३रा राहु व ९वाँ केतु होने से निर्णय लेने का उत्साह रहेगा परन्तु केतु के कारण निर्णय लेने में सावधानी बरतें। **गुरु विचार**- संवत्सरारंभ में गुरु वृष में है। ताम्रपाद का छठा गुरु रोग व कर्ज की चिन्ता बढ़ाये। ता.१५ मई को गुरु मिथुन में जायेंगे, लौहपाद का ७वां गुरु पार्टनर के सहयोग से धनवृद्धि कराये परन्तु स्त्री को नाभी के आसपास पीड़ा दे। ता.२१ अक्टूबर को गुरु कर्क में जायेंगे, ताम्रपाद का ८वां गुरु है जो विशेष कष्टप्रद है, यह आपको अपमानित कराये व बचत में कमी लाये। कष्ट निवारणार्थ गुरु का दान, जप, गुरुस्तोत्र का पाठ, मणि (पोखराज) धारण करना लाभप्रद है। ता.४ दिसम्बर को पुनः वक्री होकर गुरु मिथुन में जायेंगे व सम्वत्सर के अन्त तक उसी में रहेंगे। स्वर्णपाद का ७वां गुरु पार्टनर के सहयोग से धनवृद्धि कराये परन्तु स्त्री को नाभी के आसपास पीड़ा दे। **अप्रैल** में जमीन के लेनदेन में कष्ट परन्तु धनलाभ, संतान को प्रतियोगिताओं में असफलता, मान-सम्मान में कमी, संगीत व वादन के क्षेत्र में धनलाभ। **मई** में सन्तान को कष्ट, शत्रुओं पर विजय, अपमानित होने का खतरा, विद्यार्थियों को कष्टप्रद समय व असफलता, संगीत व वादन के क्षेत्र में धनलाभ। **जून** में चिन्ता में कमी, स्त्री को नाभी के आसपास कष्ट, दाम्पत्य सुख में कमी पर जहां से सोचा भी न था वहां से धनलाभ, संतान से मधुर संबंध। **जुलाई** में मुकदमें में धननाश व अपमान, जांघ में कष्ट, जहां से सोचा भी न था वहां से धनलाभ। **अगस्त** में वाद-विवाद से पीड़ा, विदेश यात्रा से बचें, सरकार के निर्णय आपके हित में, जहां से सोचा भी न था वहां से धनलाभ, दाम्पत्य सुख में कमी। **सितम्बर** में रुके हुये कार्य तो पूर्ण होंगे परन्तु विदेश यात्रा में कष्ट, धातु के व्यापार में लाभ, निवेश में अच्छा लाभ। **अक्टूबर** में कार्य पूरा होने के साथ अच्छा धनलाभ, धातु के व्यापार में लाभ, मित्र से अच्छे संबंध, अनेक स्रोतों से धनप्राप्ति, विदेश यात्रा में उपहार, सत्ता के निर्णयों से कष्ट। **नवम्बर** में योजनाओं से धनलाभ, आँख व पैर में कष्ट, धातु के व्यापार में नुकसान, व्यर्थ के खर्चे, योजनाओं व निवेश से धनलाभ, स्वास्थ्य में अच्छा लाभ। **दिसम्बर** में धन-संपत्ति में कमी व मानसम्मान को कष्ट, वन या पर्वतीय क्षेत्र में जाने से शारीरिक कष्ट, व्यर्थ के खर्चे, योजनाओं में सफलता। **जनवरी २०२६** में सिर या चेहरे में कष्ट, परिवार में आर्थिक भय, भोग-विलास की प्रवृत्ति, वाणी के दुरुपयोग से कष्ट, स्वास्थ्य में सुधार। **फरवरी** में परिवार व यात्रा में भय परन्तु व्यापार में आर्थिक लाभ, छोटे भाई से अच्छे संबंध। **मार्च** में व्यापार में आर्थिक लाभ पर वादविवाद में अपमान, यात्रा से धनप्राप्ति, माता से सुख व धनलाभ, वाहन से सुख, जमीन-जायदाद के लेनदेन में लाभ।

मकरराशि तथा लग्नको (*भो जा जी खी खू खे खो गा (ज्ञ) गी*): **शनि विचार**- सम्वत्सरारम्भ में शनि कुम्भ में हैं, जिससे ता.१ अप्रैल तक साढ़े साती का कष्ट रहेगा। शनि के कष्ट निवारणार्थ शनि का दान, जप, नीलम धारण, सुन्दरकाण्ड का पाठ एवं शनिवार को शनि भगवान को तेल चढ़ाना चाहिये। रजतपाद का २रा शनि धन की हानि करे। ता.१ अप्रैल को शनि मीन में जायेंगे व सम्वत्सर के अन्त तक उसी में रहेंगे। लौहपाद का ३रा शनि यात्रा में धनलाभ कराये। **राहु-केतु विचार**-सम्वत्सरारम्भ में राहु मीन में व केतु कन्या में रहेंगे, ३रा राहु व ९वां केतु लौहपाद से है, निर्णय लेने का उत्साह रहेगा परन्तु केतु व लौहपाद के कारण निर्णय लेने में सावधानी बरतें। ता.९ मई को राहु कुम्भ में व केतु सिंह में जायेंगे व सम्वत्सर के अन्त तक उसी में रहेंगे। रजतपाद का २रा राहु व ८वाँ केतु शरीर में गर्मी की अधिकता बढ़ाये, रिश्तेदारों से मनमुटाव करे। **गुरु विचार**-संवत्सरारंभ में गुरु वृष में है। रजतपाद का ५वाँ गुरु सन्तान को प्रतियोगिताओं में सफलता दे व आपका भाग्योदय करे। ता.१५ मई को गुरु मिथुन में जायेंगे। स्वर्णपाद का छठा गुरु रोग दे व कर्ज की चिन्ता से कष्ट। ता.२१ अक्टूबर को गुरु कर्क में जायेंगे। रजतपाद का ७वां गुरु पार्टनर के सहयोग से धनवृद्धि कराये परन्तु स्त्री को नाभी के आसपास पीड़ा दे। ता.४ दिसम्बर को पुनः वक्री होकर गुरु मिथुन में जायेंगे व सम्वत्सर के अन्त तक उसी में रहेंगे। रजतपाद का छठा गुरु रोग दे व कर्ज की चिन्ता से कष्ट। **अप्रैल** में व्यापार में आर्थिक लाभ परन्तु वादविवाद में अपमान, स्त्री को नाभी के आसपास कष्ट, यात्रा में भय परन्तु लाभ, जलीय यात्रा में सुख। **मई** में जमीन के लेनदेन में कष्ट व संतान को प्रतियोगिताओं में असफलता, स्त्री को नाभी के आसपास कष्ट, वाणी के उत्तम उपयोग से लोग प्रभावित, स्त्री के सहयोग से आर्थिक लाभ। **जून** में सन्तान को कष्ट, शत्रुओं पर विजय, अपमानित होने का खतरा, नए स्थान पर स्त्री को कष्ट, माता या जमीन-जायदाद से धन प्राप्ति। **जुलाई** में चिन्ता में कमी, स्त्री को नाभी के आसपास कष्ट, अपमानित होने का खतरा, दाम्पत्य सुख में कमी, शेयरमार्केट से लाभ। **अगस्त** में मुकदमें में धननाश व अपमान, जांघ में कष्ट, दाम्पत्य सुख में कमी, कमर में पीड़ा। **सितम्बर** में वाद-विवाद से पीड़ा, विदेश यात्रा से बचें, सरकार के निर्णय आपके हित में, जहां से सोचा न था वहां से धनप्राप्ति, शरीर में पीड़ा, मुकदमें में बुरा समाचार। **अक्टूबर** में रुके हुये कार्य तो पूर्ण होंगे परन्तु विदेश यात्रा में कष्ट, सरकार के निर्णय आपके हित में, व्यापार में अच्छा लाभ, कार्यों में सफलता, धन आने के नए रास्ते खुलेंगे, पिता से उपहार। **नवम्बर** में कार्य पूरा होने के साथ अच्छा धनलाभ, धातु के व्यापार में लाभ, सभी कार्यों में सफलता, सरकार से कष्ट। **दिसम्बर** में योजनाओं से धनलाभ, आँख व पैर में कष्ट, धातु के व्यापार में नुकसान, वाणी के उत्तम उपयोग से लोग प्रभावित, खाते-बही, दलाली के कार्यों में लाभ, निवेश से धनलाभ। **जनवरी २०२६** में धन-संपत्ति में कमी व मानसम्मान को कष्ट, वन या पर्वतीय क्षेत्र में जाने से शारीरिक कष्ट, चोरी का भय, नेत्र रोग, नए स्रोत से धनलाभ, लेखनकार्य से यश प्राप्ति। **फरवरी** में सिर या चेहरे में कष्ट व परिवार में आर्थिक भय, वन या पर्वतीय क्षेत्र में जाने से शारीरिक कष्ट, पैतृक सम्पत्ति प्राप्त करने में परिजनों से विवाद, बुद्धि के उचित उपयोग से धनलाभ। **मार्च** में परिवार में भय परन्तु व्यापार में आर्थिक लाभ, पैतृक सम्पत्ति प्राप्त करने में परिजनों से विवाद, कला के क्षेत्र में सफलता, यात्रा से सुख।

कुम्भराशि तथा लग्नको (*गू गे गो सा सी सू से सो दा*): **शनि विचार**- सम्वत्सरारम्भ में शनि कुम्भ में हैं, पूरे सम्वत्सर ही साढ़े साती का कष्ट रहेगा। लौहपाद का १ला शनि कानूनी वाद-विवाद बढ़ाये। शनि के कष्ट निवारणार्थ शनि का दान, जप, नीलम धारण, सुन्दरकाण्ड का पाठ एवं शनिवार को शनि भगवान को तेल चढ़ाना चाहिये। ता.१ अप्रैल को शनि मीन में जायेंगे व सम्वत्सर के अन्त तक उसी में रहेंगे। ताम्रपाद का २रा शनि परिवार को आर्थिक कष्ट दे। **राहु-केतु विचार**-सम्वत्सरारम्भ में राहु मीन में व केतु कन्या में रहेंगे, २रा राहु व ८वां केतु ताम्रपाद से है, शरीर में गर्मी की अधिकता, रिश्तेदारों से मनमुटाव रहेगा परन्तु शुभ ताम्रपाद आपकी सहायता भी करेगा। ता.९ मई को राहु कुम्भ में व केतु सिंह में जायेंगे व सम्वत्सर के अन्त तक उसी में रहेंगे। लौहपाद का १ला राहु व ७वाँ केतु है जो कुम्भ राशि के लिये विशेष कष्टप्रद है, मानसिक उलझन देगा, संतान को कष्ट, लोग विरोध करने का प्रयत्न करेंगे, लौहपाद भी कष्टकारक है। शान्ति हेतु राहु का दान, जप, मणि (लाजावर्त) धारण करें। **गुरु विचार**-संवत्सरारंभ में गुरु वृष में है। जो कुम्भ राशि के लिये विशेष कष्टप्रद है, कष्ट निवारणार्थ गुरु का दान, जप, गुरुस्तोत्र का पाठ, मणि (पोखराज) धारण करना लाभप्रद है। स्वर्णपाद का ४था गुरु जमीन-जायदाद के लेनदेन में कष्ट दे, वाहन से कष्ट दे। ता.१५ मई को गुरु मिथुन में जायेंगे। ताम्रपाद का ५वां गुरु सन्तान को प्रतियोगिताओं मे सफलता दे व आपका भाग्योदय करे। ता.२१ अक्टूबर को गुरु कर्क में जायेंगे, लौहपाद का छठा गुरु रोग दे व कर्ज की चिन्ता कराये। ता.४ दिसम्बर को पुनः वक्री होकर गुरु मिथुन में जायेंगे व सम्वत्सर के अन्त तक उसी में रहेंगे। लौहपाद का ५वां गुरु सन्तान को प्रतियोगिताओं में सफलता दे व आपका भाग्योदय करे। **अप्रैल** में परिवार में भय परन्तु व्यापार में आर्थिक लाभ, जहां से सोचा न था वहां से धनप्राप्ति, वाणी के दुरुपयोग से विशेष कष्ट। **मई** में व्यापार में आर्थिक लाभ परन्तु वादविवाद में अपमान, जहां से सोचा न था वहां से धनप्राप्ति, जमीन-जायदाद के लेनदेन से लाभ, यात्रा में भय, लेखनकार्य से यश प्राप्ति, संगीत व वादन के क्षेत्र में ख्याति। **जून** में जमीन के लेनदेन में कष्ट, संतान को प्रतियोगिताओं में असफलता, स्त्री को नाभी के आसपास कष्ट, वाहन से सुख, यात्रा में आनन्द। **जुलाई** में सन्तान को कष्ट, शत्रुओं पर विजय, स्त्री को नाभी के आसपास कष्ट, नये स्थान पर कष्ट, वाहन एवं सेवकों से सुख, सामाजिक एवं धार्मिक कार्यों में रुचि। **अगस्त** में चिन्ता में कमी, स्त्री को नाभी के आसपास कष्ट, अपमानित होने का खतरा, नये स्थान पर कष्ट, शेयर मार्केट से लाभ, बुरी संगत से बचें व नया कर्ज न लें। **सितम्बर** में मुकदमें में धननाश व अपमान, जांघ में कष्ट, आर्थिक सहायता के नए रास्ते खुलेंगे, स्त्री को रोग, ध्यान दें शत्रु आप पर नजर रखें हैं। **अक्टूबर** में वाद-विवाद से पीड़ा, विदेश यात्रा से बचें, जांघ में कष्ट, स्त्री को कष्ट, कार्यों में सफलता, धन के नए रास्ते खुलेंगे। **नवम्बर** में रुके हुये कार्य तो पूर्ण होंगे परन्तु विदेश यात्रा में कष्ट, सरकार के निर्णय आपके हित में, अनेक स्रोतों से धनप्राप्ति, विदेश यात्रा में उपहार। **दिसम्बर** में कार्य पूरा होने के साथ अच्छा धनलाभ, धातु के व्यापार में लाभ, व्यापार में अच्छा लाभ, सत्ता के निर्णय आपके पक्ष में, योजनाओं से धनप्राप्ति, नौकरी के स्थान पर विवाद। **जनवरी २०२६** में योजनाओं से धनलाभ, आँख व पैर में कष्ट, धातु के व्यापार में नुकसान, खाते-बही, दलाली के कार्यों में लाभ परन्तु व्यर्थ के खर्चे भी होंगे, स्त्री-पक्ष से धनलाभ। **फरवरी** में धन-संपत्ति में कमी व मानसम्मान को कष्ट, धातु के व्यापार में नुकसान, आपकी गलत वाणी से मान-सम्मान को कष्ट, लेखनकार्य से यश प्राप्ति। **मार्च** में सिर या चेहरे में कष्ट व परिवार में आर्थिक भय, वन या पर्वतीय क्षेत्र में शारीरिक कष्ट, पैतृक सम्पत्ति प्राप्त करने में परिजनों से विवाद, बुद्धि की चतुराई से धन आगमन।

मीनराशि तथा लग्नको (*दी दू थ झ (ञ = ज) दे दो चा ची*): **शनि विचार**-सम्वत्सरारम्भ में शनि कुम्भ में हैं, पूरे सम्वत्सर ही मीन पर साढ़े साती का कष्ट रहेगा, ताम्रपाद का १२वाँ शनि आपको आर्थिक कष्ट दे। शनि के कष्ट निवारणार्थ शनि का दान, जप, नीलम धारण, सुन्दरकाण्ड का पाठ एवं शनिवार को शनि भगवान को तेल चढ़ाना चाहिये। ता.१ अप्रैल को शनि मीन में जायेंगे व सम्वत्सर के अन्त तक उसी में रहेंगे रजतपाद का १ला शनि मान-सम्मान में कमी लाये। **राहु-केतु विचार**-सम्वत्सरारम्भ में राहु मीन में व केतु कन्या में रहेंगे, १ला राहु व ७वां केतु स्वर्णपाद से है, जो विशेष कष्टप्रद है। मानसिक उलझन विशेष रहेगी व संतान को कष्ट रहेगा व लोग विरोध करने का प्रयत्न करेंगे, स्वर्णपाद भी कष्टकारक है। शान्ति हेतु राहु का दान, जप, मणि (लाजावर्त) धारण करें। ता.९ मई को राहु कुम्भ में व केतु सिंह में जायेंगे व सम्वत्सर के अन्त तक उसी में रहेंगे। ताम्रपाद का १२वां राहु व छठा केतु होने से शरीर रोगग्रस्त रहेगा परन्तु पाद शुभ होने से परेशानियां कम होंगी। **गुरु विचार**-संवत्सरारंभ में गुरु वृष में है। लौहपाद का तीसरा गुरु है, अपने हाथ व कंधो का विशेष ध्यान रखें। व्यापार में भी परीश्रम करना होगा। ता.१५ मई को गुरु मिथुन में जायेंगे जो विशेष कष्टप्रद है, रजतपाद का ४था गुरु है, जमीन-जायदाद के लेनदेन मे कष्ट, वाहन से कष्ट। कष्ट निवारणार्थ गुरु का दान, जप, गुरुस्तोत्र का पाठ, मणि (पोखराज) धारण करना लाभप्रद है। ता.२१ अक्टूबर को गुरु कर्क में जायेंगे, ताम्रपाद का ५वां गुरु सन्तान को प्रतियोगिताओं में सफलता दे व आपका भाग्योदय करे। ता.४ दिसम्बर को पुनः वक्री होकर गुरु मिथुन में जायेंगे व सम्वत्सर के अन्त तक उसी में रहेंगे ताम्रपाद का ४था गुरु है जो विशेष कष्टप्रद है, जमीन-जायदाद के लेनदेन में कष्ट, वाहन से कष्ट। **अप्रैल** में सिर या चेहरे में कष्ट व परिवार में आर्थिक भय, शेयरमार्केट में सट्टेबाजी से दूर रहें, शरीर रोगभय से त्रस्त, मान-सम्मान में वृद्धि। **मई** में परिवार में भय परन्तु व्यापार में आर्थिक लाभ, शेयरमार्केट में सट्टेबाजी से दूर रहें, दुस्साहस से कष्ट पर योजनाओं से धनलाभ, मान-सम्मान में वृद्धि। **जून** में व्यापार में आर्थिक लाभ परन्तु वादविवाद में अपमान, जहां से सोचा न था वहां से धनप्राप्ति, यात्रा में भय परन्तु आर्थिक लाभ, परिवार के सहयोग से धनप्राप्ति। **जुलाई** में जमीन के लेनदेन में कष्ट व संतान को प्रतियोगिताओं में असफलता, जहां से सोचा न था वहां से धनप्राप्ति, छोटे भाई से सुखद संबंध। **अगस्त** में सन्तान को कष्ट, शत्रुओं पर विजय, स्त्री को नाभी के आसपास कष्ट, संतान को विद्या के क्षेत्र में अनिश्चय की स्थिति का सामना, वाहन से सुख, शेयर मार्केट से लाभ। **सितम्बर** में चिन्ता में कमी, स्त्री को नाभी के आसपास कष्ट, अपमानित होने का खतरा, दाम्पत्य सुख में कमी, आर्थिक हानि, स्थान-परिवर्तन से कष्ट, संतान को प्रतियोगिताओं में सफलता, मुकदमें में बुरा समाचार। **अक्टूबर** में मुकदमें में धन का व्यय व अपमान, अपमानित होने का खतरा, आपकी कुशल वाणी से नये कार्य क्षेत्र में धनलाभ, नया कर्ज लेने से बचें। **नवम्बर** में वाद-विवाद से पीड़ा, विदेश यात्रा से बचें, जांघ में कष्ट, अनेक स्रोतों से धनप्राप्ति। **दिसम्बर** में रुके हुये कार्य तो पूर्ण होंगे परन्तु विदेश यात्रा में कष्ट, सरकार के निर्णय आपके हित में, पिता से धनप्राप्ति, वाद-विवाद से परेशानी। **जनवरी २०२६** में कार्य पूरा होने के साथ साथ अच्छा धनलाभ, धातु के व्यापार में लाभ, व्यापार में अच्छा लाभ, वाणी के उत्तम उपयोग से लोग प्रभावित, सभी कार्यों में सफलता, सत्तापक्ष से कष्ट। **फरवरी** में योजनाओं से धनलाभ, आँख व पैर में कष्ट व इलाज में अत्यधिक खर्चे, धातु के व्यापार में लाभ, भौतिक सुख-सुविधाओं में वृद्धि। **मार्च** में धन-संपत्ति में कमी व मानसम्मान को कष्ट, धातु के व्यापार में नुकसान, आँख व पैर के इलाज में खर्च, उच्च पद की प्राप्ति होती है। इति ॥

सूचना- लग्न एवं राशि के आधार से किया हुआ भविष्यफल आने वाले समय का संकेत होता है। पूरा विवरण जानने के लिये व्यक्ति को अपनी जन्म कुंडली बनवाना आवश्यक है।

सोना-चाँदी- रुई की तेजी-मंदी (३० ...

अप्रैल-तेजी-ता.५,२६। मन्दी-ता.१,३,३०। मई-तेजी- ... जुलाई- ...
तेजी- ता.१,११,२७,२९,३०। मन्दी-ता.५,१४,२५। सितंबर- ...
अगस्त-तेजी- ता.५,१६,२१,२६। मन्दी-ता.११,३०। ...
अक्टूबर-तेजी-ता.२,६,९,२३ (विशेष),२४। मन्दी-ता. ...
मन्दी-ता.७,१०,११। दिसंबर-तेजी-ता.२(विशेष),६,२२,२८ ...
जनवरी २०२६-तेजी-ता.४-५(विशेष),१२,१७,२३। मन्दी- ...
ता.११,१८,२४। मार्च-तेजी- ता.१,१७(विशेष),११। मन्दी- ...
तेजी-मन्दी की होड, बाजार अस्थिर- अप्रैल-ता. ...
सितम्बर-४,७। अक्टूबर-२१। नवम्बर-१२,२६। जनवरी (२०२६)- ...
मन्दी के बाद तेजी- ता.१२ अगस्त, ता.८ जनवरी २०२६। ...
२०२६। बाजार अस्थिर फिर भी तेजी- ता.७ अप्रैल, ता.१० ...
लम्बे अन्तराल के संकेत-ता.१२ अप्रैल से २५ अप्रैल ...
तेजी। ता.१० अगस्त से २१ सितम्बर तेजी। ता.८ से २० अक्टूबर ...

लग्नसारिणी से इष्ट काल क...

माना हमें किसी दिन के इष्टकाल १० घटी १७ पल का ... गणेश आपा पंचांग में देखा। अब त्रैराशिक करके सूर्योद... इष्टकाल जोड़कर १/३/४०/५ आया। १ अर्थात वृष के ... दिया है और वहीं ४ अंश पर ७/३७/८ दिया है। त्रैराशि... फल ७/३८/२० आयेगा। इसमें इष्टकाल १०/१७ जोड़ा ... में खोजा तो पाया की ३ राशि १ अंश का (सारिणी ... ५४/२४) है अतः यह ३ राशि १ अंश व ३ राशि २ ... अर्थात कर्क लग्न का १ अंश ४३ कला ५१ विकला ...

अयाष्टोत्तरीमतेनायव्ययचक्रम् १०८

राशयः	मे	वृ	मि	क	सिं	क	तु	वृ	ध	...
आयः	२	११	१४	८	११	१४	११	२	५	...
व्ययः	१४	५	२	२	११	२	५	१४	५	...

आयेश्वयम् ... व्ययेश्वर ...
तेन विन्ध्यदीर्घ ... [illegible]

अयोभयलाभव्ययचक्रादिकेभ्यो ... फलमादिशेत्। लाभं १ सौख्यं २ ... केषाञ्चित मतेन वर्णस्य पूर्वं ...

सोना-चाँदी- रुई की तेजी-मंदी (३० मार्च २०२५ से १९ मार्च २०२६ तक)

अप्रैल-*तेजी*-ता.५,२६। *मन्दी*-ता.१,३,३०। **मई**-*तेजी*-ता.३,७,१५,२२,२३,२६,३१। *मन्दी*-ता.२४,२८। **जून**-*तेजी*- ता.१,१९,२७,२९,३०। *मन्दी*-ता.५,१४,२५। **जुलाई**-*तेजी* -ता.१६,१८,२५,२६,२८। *मन्दी*-ता.२२,२३,२७। **अगस्त**-*तेजी*- ता.५,१६,२१,२६। *मन्दी*-ता.१९,३०। **सितंबर**-*तेजी*-ता.८,१४,२२,२४। *मन्दी*-ता.१२,१५,१६,१९। **अक्टूबर**-*तेजी*-ता.२,६,९,२३ (विशेष),२४। *मन्दी*-ता.११,१३,१९,२६। **नवंबर**- *तेजी* -ता.२(विशेष),९,२०,२१,२३। *मन्दी*-ता.७,१०,१९। **दिसंबर**-*तेजी*-ता.२(विशेष),६,१२,१८,२०(विशेष),२७,२९। *मन्दी*-ता.७ (विशेष),१९।

जनवरी २०२६-*तेजी*-ता.४-५(विशेष),१२,१७,२३। *मन्दी*-ता.१६। **फरवरी**-*तेजी*-ता.३,५,१६,१९,२१,२५। *मन्दी*-ता.११,१८,२४। **मार्च**-*तेजी*- ता.१,१७(विशेष),१९। *मन्दी*-ता.१३।

तेजी-मन्दी की होड, बाजार अस्थिर- अप्रैल-ता.२५। मई-९,१७। जून-ता.२२। जुलाई-१९। अगस्त-ता.२०। सितम्बर-४,७। अक्टूबर-२१। नवम्बर-१२,२६। जनवरी (२०२६)-ता.३,१८,३१। फरवरी-ता.२७। मार्च-ता.३,१४,२८,२९।

मन्दी के बाद तेजी- ता.१२ अगस्त, ता.८ जनवरी २०२६। **तेजी के बाद मन्दी**- ता.१३,२५ नवम्बर। ता.२८ जनवरी २०२६। **बाजार अस्थिर फिर भी तेजी**- ता.७ अप्रैल, ता.१० अगस्त, ता.२९ नवम्बर।

